तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026

12 जिले में अब तक 36 हजार 264 मीट्रिक टन खाद ...



12 खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजनों...





## खबर संक्षेप

### सब्जी व्यवसायी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सब्जी व्यवसायी के साथ मारपीट के मामले में पटेवा थाने ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बरतुंगा निवासी सुरेश पटेल ने बताया कि 21 जून साप्ताहिक बाजार रायतुम से सब्जी बेचकर वापस अपने घर जा रहा था। उसी समय चिरको के रहने वाले नेमीचंद सतनामी तुम मेरे कैरेट को चोरी किये हो कहकर गाली गलौज कर रहा था, गाली देने से मना करने पर आरोपी ने उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, साथ ही कैरेट से सिर पर मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वरूण यादव ग्राम पतेरापाली ने बताया कि 21 जून की रात लगभग 10 करण पटेल उसके घर के सामने गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इस पर आरोपी ने तू मना करने वाला कौन होता है कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मे पहने लोहे के कड़े को निकालकर मेरे सिर मे मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद, महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते एक महिला पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 ईसाईपारा निवासी मंजीत सिंह ने सहेलका दास पति स्व. अनिल दास निवासी महासमुंद के द्वारा जमीन संबंधी बात पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट लिखाई है।




# ड्राइवर महासंघ ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। महासंघ के सदस्यों ने लोहिया चौक से रैली की शुरुआत की, जो नेहरू चौक, बरोंडा चौक और शास्त्री चौक होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद महासंघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की तथा कलेक्टर के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से ड्राइवरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को शासन तक पहुंचाने की बात कही गई। महासंघ की प्रमुख मांगों में चालक की मृत्यु होने पर 20 लाख रुपये का



बीमा, दुर्घटना में अपंग होने पर 10 लाख रुपये का बीमा, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों से मवेशियों और आवारा पशुओं को हटाने, चालकों के लिए विश्राम कक्ष की व्यवस्था, सड़कों पर चालकों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने, आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने तथा 1 सितंबर को 'ड्राइवर दिवस' घोषित करने जैसी मांगें शामिल हैं। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष पूनम क्षत्रिय ने बताया कि महासंघ की 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी 33 जिलों में एक साथ ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद में भी रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

## मानसून: खेतों में बढ़ेगी रौनक, शहर में जलभराव और यातायात अव्यवस्था भी बनी चुनौती

# मानसूनी बारिश से खिले किसानों के चेहरे, भीषण गर्मी से भी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बारिश के बाद मौसम सुहावना तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई

लंबे इंतजार के बाद मानसून की पहली प्रभावी बारिश ने सोमवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के कई इलाकों को तरबतर कर दिया। दोपहर बाद बादल छाए और झमाझम बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दी, वहीं किसानों के चेहरों पर भी उम्मीद की नई किरण जागी है। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो चुका है और आने वाले दिनों में वर्षा की गतिविधियों में और वृद्धि की संभावना है। देशभर में मानसून की प्रगति जारी है तथा मौसम विभाग ने मध्य भारत के कई हिस्सों में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं।



### जगह-जगह जलभराव की स्थिति रही

शहर में इन दिनों दो प्रमुख मार्गों में निर्माण कार्य जारी है। तुमगांव रोड़ और कलेक्टोरेट रोज में बारिश के बाद जगह-जगह जल भराव की स्थिति देखने को मिली। कई स्थानों में दो पहिया वाहन चालकों को पानी के कारण गढ्डे का अंदाजा भी नहीं हो पाया। वहीं आते जाते वाहनों से उछलने वाला मटमैला पानी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता रहा। शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने के साथ नालियों में भरे कचरों के कारण नाली का पानी सड़कों पर बह निकला।

### शहरवासियों को गर्मी से राहत

पिछले कई दिनों से महासमुंद में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस एवं गर्म हवाओं से राहत मिली। बाजारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने मौसम का आनंद लिया।

### जलस्रोतों को मिलेगा लाभ

पहली बारिश से तालाबों, नालों और छोटे जलाशयों में पानी की आमद शुरू हो गई है। भू-जल स्तर में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। यदि आगामी दिनों में नियमित बारिश होती है तो पेयजल संकट वाले क्षेत्रों को भी राहत मिल सकती है।

### वर्षा के आंकड़ों पर एक नजर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 2026 के मानसून सीजन की शुरुआत देशभर में अपेक्षाकृत धीमी रही है। 1 से 16 जून के बीच देश में सामान्य 68.1 मिमी के मुकाबले 44 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से लगभग 35 प्रतिशत कम है। हालांकि मौसम विभाग का मानना है कि जून के अंतिम सप्ताह और जुलाई में मानसून के सक्रिय होने से वर्षा की स्थिति में सुधार हो सकता है।

### खेती-किसानी को मिला संजीवनी का संचार

हमारा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां खरीफ सीजन में धान प्रमुख फसल है। मानसून की पहली अच्छी बारिश को किसान खेती की शुरुआत का संकेत मानते हैं। किसानों की मानें तो क्षेत्र में बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची है, जिससे धान की नर्सरी तैयार करने, जुताई और बुआई कार्यों को गति मिलेगी। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि शुरुआती बारिश से भूमि की ऊपरी परत में नमी बढ़ती है, जिससे बीज अंकुरण की संभावना बेहतर होती है। जिन किसानों ने मानसून के इंतजार में खेत तैयार कर रखे थे, वे अब कृषि कार्यों में तेजी ला सकेंगे।

# रेत में दबी मिली अज्ञात युवती की लाश, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के रामखेड़ा झारा नाला के पास रेत में दबी हुई एक युवती की लाश मिली है। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे एक ग्रामीण की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव का आधा हिस्सा रेत के बाहर दिखाई दे रहा था, जबकि बाकी शरीर रेत में दबा हुआ था। मौके पर लेडिस चप्पल भी मिली है। शव के बालों का गुच्छा रेत के बाहर दिखाई देने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ और मामला सामने आया। ऐसा माना जा रहा है कि शव को छिपाने की नीयत से ट्रैक्टर मार्ग पर बने लगभग एक फीट गहरे गड्ढे में दबाया गया था। सूचना मिलते ही खल्लारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई और



शव को यहां लाकर दबाया गया या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में इसे लेकर चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### महिला की पिटाई, पत्थर से सिर फोड़ा

**महासमुंद।** ग्राम जोगनीपाली में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जम्हर निवासी उर्मिला चौहान ने बताया कि 17 जून को वह अपने छोटे भाई भागीरथी चौहान को देखने ग्राम जोगनीपाली आयी थी। उसकी भतीजी ज्योति उर्फ पुटकी भी अपने पिताजी को देखने के लिये आयी थी। रात्रि में करीबन 12 बजे भतीजी ज्योति एवं उसके पति राजकुमार चौहान दोनों आपस में शराब के नशे में लडाई झगड़ा कर रहे थे, जिस पर उन्हें मना किया। तब उसकी भतीजी ज्योति ने तुम कौन होती हो हम दोनों के बीच बोलने वाली कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगी एवं पास में पड़े पत्थर से सिर को मार दिया, जिससे प्रार्थिया को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सांसद और विधायक शामिल हुए जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शाला प्रवेशोत्सव की कड़ी में सोमवार को बेलसोंडा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों का तिलक वंदन कर पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी शामिल रहीं। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष



चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष संदीप दीवान, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, शिक्षा विभाग से संपा बोस, वाणी तिवारी, प्राचार्य, शाला विकास समिति के सदस्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बार बंद होने के बाद पहुंचे युवक ने की वेटर से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के सीमा क्षेत्र में स्थित सपना बार के बंद होने के बाद शराब पीने



पहुंचे युवक ने जमकर हंगामा मचाया। आक्रोशित युवक ने गुस्से में वेटर के साथ जातिसूचक गाली गलौच किए जाने का आरोप है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें युवक मारपीट करता हुआ स्पष्ट नजर आ रही है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भलेसर निवासी विवेक कुमार कुर्रे (21) पिछले दो साल से सपना बार में वेटर की नौकरी कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि 20 जून की रात वह बार में काम कर रहा था। रात करीब साढ़े 11 बजे हर्ष चंद्राकर अपने साथी दामू साहू के साथ शराब पीने बार पहुंचा। लेकिन, रात करीब 12.10 बजे बार बंद करने का समय हो चुका था और विवेक ने दोनों को यह जानकारी देते हुए घर जाने कहा। जिसे सुनते ही हर्ष चंद्राकर ने आक्रोशित होकर कथित जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया।

### गला पकड़कर पिटाई और धमकी देने का आरोप

विवेक का आरोप है कि इसके बाद हर्ष ने उसका गला पकड़ लिया, हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान उसने अश्लील गालियां दीं और गुरु घासीदास बाबा के बारे में भी अपमानजनक बातें कहीं। हंगामा बढ़ता देख बार के मैनेजर रंजीत तिवारी, प्रमोद तिवारी और बार मालिक रामदेव साहू बीच-बचाव के लिए पहुंचे और मामला शांत कराया।

### वेटर ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

विवेक ने पुलिस को बताया कि हर्ष पहले भी कई बार बार में आ चुका है और उसकी जाति के बारे में पहले से जानता था। अब उसने थाना महासमुंद में शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी हर्ष चंद्राकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) और 302 के तहत मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधित 2015) की धारा 3(1)(आर), 3(1)(एस) और 3(1)(व्ही) भी जोड़ी गई हैं।

## जिला पंचायत सदस्य सृष्टि के नेतृत्व में ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

# जर्जर स्कूल भवन के लिए 20 लाख की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत सिरपुर के आश्रित ग्राम खमतराई स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का भवन अत्यंत जर्जर होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भवन की जर्जर हालत को लेकर पिछले साल भी जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने एक पत्र प्रशासन को प्रेषित किया था। इस बार शिक्षा सत्र शुरू हो गई है। ग्रामीण अपने बच्चों को जर्जर स्कूल में पढ़ने भेजने से कतरा रहे हैं।

उक्त स्कूल के नवीन भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि तत्काल स्वीकृत करने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम खमतराई के सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से भेंटकर उनके समक्ष समस्या रखी। इस



दौरान जिला शिक्षा अधिकारी देवांगन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा भी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

ज्ञापन में बताया गया कि कलेक्टर कार्यालय (शिक्षा) के आदेश के तहत जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के भवन मरम्मत एवं नवीन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। इसी तर्ज पर खमतराई स्कूल के लिए भी 20 लाख की स्वीकृति दी जाए। सृष्टि ने बताया कि विद्यालय भवन अत्यंत जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। एक वर्ष पूर्व भी ग्रामीणों ने लिखित शिकायत की थी, लेकिन अब तक निर्माण शुरू नहीं हुआ। वर्तमान में भवन उपयोग योग्य नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई अस्थायी व्यवस्था के तहत चल रही है। सुरक्षा कारणों से कई अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा का अधिकार है और सुरक्षित भवन मिलना जरूरी है। उक्त आदेश के अंतर्गत अन्य विद्यालयों को लाभ मिला है, वही सुविधा खमतराई स्कूल को भी तत्काल दी जाए। जिस पर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर, सरपंच पुष्पा माली, उपसरपंच राजेश ठाकुर, निहाल सोनकर, सुंदर ध्रुव, जय सिंग, संदीप साहू, शंभू यादव, प्रीतम ठाकुर, प्रीतम ध्रुव, बाला ध्रुव, लखन ध्रुव, पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# जनगणना के आंकड़ों से रिकार्ड का मिलान, छूटे मकानों से टैक्स वसूली में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम अब हर वार्ड में जनगणना के आंकड़ों और अपने रिकार्ड का मिलान करेगा। इसके बाद छूटे हुए मकान के मालिकों को नोटिस देकर कर के दायरे में लाने की प्रक्रिया की जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना में जुटाई गई जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के बड़े निकायों में मकानों की संख्या नगर निगम के मौजूदा कर रिकार्ड से ज्यादा नजर आ रही है, यही अंतर राजस्व विभाग के अफसर और निरीक्षकों के लिए आकलन करने का माध्यम बनेगा। सूत्रों के मुताबिक, रायपुर नगर निगम में 50 से 60 हजार हाउस होल्ड ऐसे हैं, जिनका नगर निगम के पास रिकार्ड नहीं है, ऐसे में नगर निगम का राजस्व महकमा जनगणना के वार्डवार आंकड़ों को अपने रिकार्ड से मिलान करने की तैयारी में है। हालांकि इसमें एक दिक्कत ये आ सकती है कि जनगणना के बाद वार्डवार जो आंकड़े आए हैं, उसमें मकान मालिक का मोबाइल नंबर और उसके पते का जिक्र नहीं है। नगर निगम अपने राजस्व में वृद्धि करने के लिए जनगणना से प्राप्त आंकड़ों की मदद लेगा। इससे यह चिंहाकित करने में आसानी होगी कि किन मकानों व दुकानों से संपत्ति कर प्राप्त हो रहा है, और कौन-सी संपत्तियां संपत्ति कर के दायरे से बाहर हैं। कुल मिलाकर नगरीय निकाय के लिए अपना डाटा अपडेट करने का यह एक अवसर है, जिसमें पूर्व में कराए गए जीआईएस सर्वे के बाद हुए नए निर्माण और पुराने मकानों में जीर्णोद्धार के बाद नए निर्माण की जानकारी अपडेट हो पाएगी।

■ निगम की बढ़ेगी आमदनी, रिकार्ड होगा अपडेट

खास खबर

## 50 से 60 हजार हाउसहोल्ड ऐसे, जिनका नगर निगम के पास रिकार्ड नहीं

### प्रॉपर्टी रीएसेसमेंट के लिए लीडार सर्वे होगा

*रायपुर नगर निगम पहली बार शहर में स्थित प्रॉपर्टी का ड्रोन आधारित लीडार सर्वे कराने की तैयारी में है। इसके लिए कुछ समय पहले आरएफपी फ्लोट कर सर्व करने के तरीके पर आधारित रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई गई, जिसमें ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से आधा दर्जन कंपनियों ने अपने प्रेजेंटेशन गांधी सदन में दिए थे। उपायुक्त राजस्व ने बताया कि किस विधि से पूरे शहरभर में प्रॉपर्टी रीएसेसमेंट कराया जाए, इसके लिए अलग-अलग एजेंसियों ने प्रस्तुतिकरण दिया। हमने उनके दस्तावेजों की कानूनी बारीकियों से जांच-परख कर लीगल वेटिंग कराई है। सप्ताहभर में इसकी रिपोर्ट आ जाएगी। इसके लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रापर्टी रीएसेसमेंट कराने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।*



### वार्डवार आंकड़े आए हैं

जनगणना के दौरान किए गए मकान सूचीकरण के वार्डवार आंकड़े आए हैं। इससे यह जानकारी होगी कि वार्ड वाइज कितने मकान हैं, इससे छूटे हुए मकानों की पहचान कर टैक्स के दायरे में लाने मदद मिलेगी। हालांकि इसमें मोबाइल नंबर और एड्रेस नहीं होने से छूटे हुए मकानों को ट्रेस करने में दिक्कत हो सकती है।
**- डॉ. अंजलि शर्मा,** उपायुक्त राजस्व, ननि रायपुर।

## खबर संक्षेप



### समाज से बहिष्कृत जोड़े को धोबी समाज ने अपनाया

**रायपुर।** अंतर्जातीय विवाह करने वाले समाज से बहिष्कृत जोड़े को धोबी समाज ने गले लगाकर समाज में शामिल किया। लगभग 12 वर्ष पूर्व उरला निवासी प्रवीण रजक ने सुकरीता पटेल मरार जाति की कन्या से प्रेम विवाह किया था। इन जोड़ों की तीन कन्या रत्न हैं, समाज में अंतर्जातीय विवाह को सबसे बड़ा अपराध माना जाता है और ऐसा विवाह करने वालों को प्रदेश समाज ही न्याय देता है। प्रवीण के परिजनों ने धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के समक्ष अपील की, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने दुर्ग जिलाध्यक्ष रामबाई निर्मलकर के नेतृत्व में जांच समिति गठित की, जिनसे बिंदुवार जानकारी मांगी गई। सभी ने उक्त जोड़े को हर बिंदुओं पर सही पाया और अनापत्ति पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मदन निर्मलकर दुर्ग, गीताबाई निर्मलकर, अंबे वाघमार, परदेशनीन निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, जानकी निर्मलकर आदि समाज की ईष्ट देवी नातिन-धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में शामिल हुए।

### ओड़िशा राज्य में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग, पीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ओडिशा राज्य में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्री आहूजा का कहना है कि, पहले ओडिशा में नवीन पटनायक मुख्यमंत्री थे, परंतु अब वहां भाजपा की सरकार है। ओडिशा में लगातार अन्य राज्यों में कई वर्षों से गांजे की तस्करी हो रही है। आए दिन छत्तीसगढ़ में कभी सरगुजा में 6 करोड़ का गांजा पकड़ा गया, या हाल ही में धमतरी में डेढ़ करोड़ का गांजा पकड़ाया, जैसी खबरें सुनने को मिलती हैं। ओडिशा से लगातार मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश व राजस्थान गांजा भेजा जाता है, जो गांजा पकड़ में आता है उसका पता चलता है, जो नहीं पकड़ाता, उसका नशा कर देश के युवा बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा ही ऐसा राज्य है, जहां गांजे की खेती होती है।

### 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र शुरू



**रायपुर।** शहर में तेज गर्मी को देखते हुएसाधक परिवार द्वारा राजधानी के 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। राहगीरों और बस यात्रा करने वाले यात्रियों सहित आम जनता के लिए निःशुल्क पेयजल की सुविधा इन केंद्रों में उपलब्ध कराई जा रही है। शीतल जल सेवा केंद्र विधानसभा जीरो पाइंट ओवर ब्रिज के पास, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के पास, अमलेश्वर थाना के सामने , तेलीबांधा मार्ग मरीन ड्राइव और वीआईपी चौक तेलीबांधा में साधक परिवार के सेवादार लोगों की प्यास बुझाने सेवा दे रहे हैं।

## सरकारी विभागों के बकाया से मिलेगी मुक्ति, ढाई हजार करोड़ का है बकाया

# विभागवार बनेंगे ग्रुप, तीन-तीन माह का बिजली बिल एडवांस में करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने के लिए प्रदेश के ऊर्जा विभाग ने एक अलग तरह की योजना बनाई है। पहले सभी विभागों को तीन-तीन माह का रीचार्ज कराने के लिए कहा गया था, लेकिन अब इस योजना को बदल दिया गया है। अब रीचार्ज कूपन की जरूरत ही नहीं होगी।

हर जिले में विभागवार ग्रुप बनाकर इनसे तीन-तीन माह के बिजली बिल का पैसा एडवांस में लिया जाएगा। पहले चरण में ब्लॉक स्तर के करीब 45 हजार कनेक्शनों को योजना में शामिल किया गया है। इसके लिए ऊर्जा विभाग से अधिसूचना भी जारी हो गई है। अगस्त से इस योजना को लागू करने की तैयारी है। इस योजना से पॉवर कंपनी को सरकारी विभागों के बकाया से मुक्ति मिलेगी। इस समय भी सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है।

प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। सरकारी विभागों में 1.72 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब 1.60 लाख मीटर लग चुके हैं। बचे कनेक्शनों में भी मीटर लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं।

हरिभूमि लाइव

## अब रीचार्ज कूपन की जरूरत ही नहीं होगी

### विभागों के बनेंगे ग्रुप

*पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी है। पहले इनको तीन-तीन माह का रीचार्ज कराने के लिए कहा था, लेकिन किसी भी विभाग ने रीचार्ज कराया ही नहीं। अब योजना को बदल दिया गया है। अब जिला स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें, पुलिस सहित जितने भी विभाग हैं, उनका-अलग अलग ग्रुप बनाया जाएगा। हर विभाग का एक कोड भी तय कर दिया गया है। इसी के साथ अब हर विभाग का एक नोडल अधिकारी भी बनाने की तैयारी है। जिस विभाग के एक जिले में जितने भी दफ्तर होंगे, उनका एक माह का बिजली बिल कितना आता है, इसको देखा जाएगा। इन विभागों को तीन-तीन माह के बिजली बिल के बराबर एडवांस में पैसे पॉवर कंपनी में जमा कराने होंगे। इसकी सारी देखरेख का काम नोडल अधिकारी करेंगे।*



ऊर्जा विभाग से अधिसूचना भी जारी हो गई है

बचे कनेक्शनों में भी मीटर लगाने का काम तेजी से

### विभागों पर बड़ा बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है। अगस्त 2024 में बकाया 1988 करोड़ था, जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ से ज्यादा का हो गया थार लेकिन इसी के साथ हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया मिलने पर इस समय करीब ढाई हजार करोड़ का ही बकाया बचा है, ऐसा पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है। बिजली नियामक आयोग के सदस्यों का भी कहना है कि जल्द ही सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड किया जाएगा।

## 702 ऑनलाइन, 1 सवाल ऑफलाइन

# विधानसभा का मानसून सत्र चार दिनों में लगे 703 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होगा। पांच दिन चलने वाले इस सत्र के लिए विधायकों ने चार दिन में 703 सवाल लगाए हैं। इन सवालों में 1 सवाल ऑफलाइन लगा है, शेष 702 सवाल ऑनलाइन लगाए गए हैं।

बताया गया है कि सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद विधानसभा सचिवालय में ऑनलाइन और ऑफलाइन सवाल लगाए जा रहे हैं। विधायकों के सवाल लगने के बाद विधानसभा सचिवालय इन्हें जवाब के लिए विभागों को भेज रहा है। अधिकांश विपक्ष के विधायकों ने अब तक अधिक सवाल लगाए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं के अलावा शासन के विभिन्न विभागों के कामकाज को लेकर सवाल पूछे हैं।




### कानून व्यवस्था पर लगे सवाल

अधिकांश विधायकों ने प्रदेश में पिछले छह माह के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में घटित घटनाओं के आधार पर गृह विभाग पर निशाना साधा गया है। साथ ही पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर भी सवाल उठे हैं। इसके अंतर्गत शहरों में यातायात चालान के मुद्दे को भी रेखांकित किया गया है।

### खाद, बीज और किसानों की दिक्कतों पर सवाल

मानसून सत्र के दौरान खाद-बीज की किल्लत से लेकर किसानों की खेती की तैयारियों में आ रही समस्याओं को लेकर अधिकांश सवाल किए गए हैं। इसके अंतर्गत खाद के भंडारण, उठाव, प्रामाणिक बीजों में करगा, बीजों की क्वालिटी औइ अन्य मामलों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। किसानों को समितियों में डीएपी, यूरिया के अलावा अन्य उर्वरक की आपूर्ति की स्थिति को लेकर कृषि और मार्कफेड पर अधिक सवाल लगे हैं।

# राहुल का स्वागत करने हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे एयरपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रायपुर आगमन पर हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी यहां पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर राहुल गांधी के स्वागत के लिए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रशिक्षण स्थल का कार्यक्रम खत्म होने के बाद राहुल गांधी शाम को 6.30 बजे यहां से दिल्ली रवाना हो गए। राहुल गांधी कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ी धूप में अपने लोकप्रिय नेता की प्रतीक्षा कर रहे थे, जैसे ही राहुल गांधी कार्यक्रम स्थल पहुंचे, ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं एवं जयघोष के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि उनके स्वागत के लिए रायपुर एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। एयरपोर्ट के समीप रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट मार्ग पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का अभिनंदन करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उनके अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

■ ढोल-नगाड़ों के साथ फूलमालाओं से स्वागत, लगाए नारे



### अभनपुर में राहुल गांधी का स्वागत

रायपुर से अभनपुर पहुंचने पर राहुल गांधी का कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं की भीड़ उनसे मिलने के लिए उमड़ पड़ी। राहुल गांधी को कांग्रेस का गमछा और मालाएं पहनाई गईं। स्वागत कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी सीधे कार्यक्रम स्थल की ओर चले गए।

### दंतेवाड़ा कांग्रेस अध्यक्ष बने शकील

कांग्रेस संगठन में बदलाव करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर शकील मोहम्मद रिजवी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा 21 जून को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई। जारी आदेश के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत शकील मोहम्मद रिजवी को दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। पार्टी द्वारा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया है।

# सफाई व्यवस्था-पानी की मांग विपक्ष करेगा महापौर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों सफाई व्यवस्था और पानी की समस्या को लेकर कई वार्डों के रहवासी परेशान हैं। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। शिकायत के बाद भी सफाई में कोई सुधार नहीं हुआ। इस मुद्दे को लेकर भाजपा द्वारा 23 जून को नगर निगम में महापौर का घेराव किया जाएगा। बिरगांव के सभी वार्डों में सफाई का बुरा हाल है, नाली में न ब्लीचिंग पाउडर डाला जाता है और न ही एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। इसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी निराकरण नहीं किया जा रहा है। चार माह बाद निगम के आम चुनाव होने हैं और महापौर अभी भी नींद में सोए हुए हैं। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने वार्ड पार्षदों के साथ आयुक्त युगल किशोर उर्वांशा को शिकायत पत्र सहित घेराव के लिए भी अल्टीमेटम दिया है।



■ बिरगांव निगम आयुक्त को नेता प्रतिपक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**ट्रांसपोर्ट नगर में आवागमन कठिन** निगम क्षेत्र में एकमात्र ट्रांसपोर्ट नगर है, जहां गंदगी का आलम है। एक भी सड़क आमजनों के आने-जाने के लिए खाली नहीं, सभी जगह ट्रक पार्किंग बना दिया है। पार्किंग में भी अतिक्रमण किया जा रहा है। इसे हटाने में जिम्मेदार कोई रुचि ले रहे हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाएं आज तक नहीं मिल पाई हैं। प्रमुख रूप से सफाई एवं 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना के तहत आज तक पाइपलाइन का काम पूरा नहीं किया जाने से जनता में रोष है। वार्ड के ज्वलंत विषयों को लेकर 23 जून को सुबह 10 बजे बुधवारी बाजार में एकत्र होने के बाद भाजपा पार्षद वार्ड की जनता के साथ दोपहर 12 बजे निगम कार्यालय में जंगी प्रदर्शन करेंगे।

# भाजपा नेताओं ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्री जामवाल ने कहा, योग भारत की प्राचीन और अमूल्य संस्कृति का उपहार है, जिसे आज पूरी दुनिया ने सहर्ष स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी प्रयासों के कारण ही आज योग एक वैश्विक उत्सव और जन-आंदोलन बन चुका है। योग सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन, आत्मा और विचारों को संतुलित करने का विज्ञान है। मण्डल और बूथ स्तर तक योग शिविरों का आयोजन कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस कल्याणकारी परम्परा को हर घर तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।



■ ठाकरे परिसर के कार्यक्रम में अजय जामवाल और पवन साय भी हुए शामिल

### समाज के सभी वर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने योग दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राज्य के कोने-कोने में लोगों को योग के प्रति जागरूक किया है। श्री साय ने कहा, हमारी संस्कृति में पहला सुख निरोगी काया कहा गया है। आज पूरा विश्व भारत के इस सूत्र को अपनाकर अपनी जीवनशैली को सुधार रहा है। प्रदेश भाजपा द्वारा इस वर्ष राज्य के सभी शक्ति केंद्रों, मंडलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन का मूल उद्देश्य अंत्योदय है और स्वास्थ्य के स्तर पर यह तभी संभव है, जब समाज का हर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ हो। इस अवसर पर सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन से करेंगे सोमनाथ धाम की यात्रा

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा से गूंजेगा छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ धाम से जुड़ने के लिए छत्तीसगढ़ से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 22 से 26 जून 2026 तक आयोजित होने वाली "सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा" में प्रदेश के 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ धाम पहुंचेंगे। यात्रा का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 11 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे तथा पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसाथ ही रायपुर के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक और महापौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल होंगे। इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित विशिष्टजन, पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी और नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बनेगा। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मंदिर दर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला यात्राएं तथा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इससे न केवल प्रतिभागियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद और आदान-प्रदान भी बढ़ेगा।

हरिभूमि सरोकार



■ 22 जून को रायपुर से मुख्यमंत्री साय करेंगे शुभारंभ

### केवल धार्मिक यात्रा नहीं, राष्ट्रीय एकता का जीवंत उत्सव भी

सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय एकता का जीवंत उत्सव है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाली यह यात्रा प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं, कला, साहित्य और आध्यात्मिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान प्रदान करेगी। साथ ही यह आयोजन समाज में सांस्कृतिक जागरूकता, राष्ट्रीय गौरव और भारतीय मूल्यों के प्रति नई प्रेरणा का संचार करेगा।

### संस्कृति विभाग तैयारियों में जुटा

संस्कृति विभाग के अनुसार यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों के स्वास्थ्य परीक्षण, यात्रा व्यवस्था और आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विशेष ट्रेन के माध्यम से यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## खबर संक्षेप

### दो मामलों में 230 लीटर शराब जब्त, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद**। पिथौरा और सरायपाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 230 लीटर शराब बरामद किया है।

पिथौरा पुलिस ने बताया कि 20 जून को ग्राम सुखीपाली सागौन प्लांट के आगे खेत में पहुंचकर घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। यहां आरोपी अग्नि कुमार रात्रे के कब्जे से नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम से 100 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 20000 रुपए, 02 सफेद रंग की प्लास्टिक जरकिन से कुल 40 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 8000 रुपए, एक मटमैला प्लास्टिक बोरी के अंदर भरा दो पारदर्शी प्लास्टिक झिल्ली के अंदर भरा 05-05 लीटर कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमती 4000 रुपए कुल 150 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब, 02 नग जर्मन बर्तन पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 3000 रुपए कुल कीमत 35000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने 22 जून को छिर्रालेवा शीशम पेड़ के पास से आरोपी शिव कुमार चौहान पिता कुंज राम चौहान (32 साल) छिर्रालेवा थाना सरायपाली के कब्जे से 80 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 16000 रुपए को बरामद किया है।

## निधन

### केजाबाई वैष्णव



**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी रामजानकी मंदिर पारा निवासी केजाबाई वैष्णव (82) का देहांत 18 जून गुरुवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे हरिमोहन दास वैष्णव की पत्नी व दीपक वैष्णव, रामखिलावन वैष्णव की माता एवं भूपेंद्र वैष्णव, विजय वैष्णव, नीरज वैष्णव की दादी थीं।

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए 20 विशिष्टजनों का दल रवाना...





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए जिले से 20 विशिष्टजनों का दल राजधानी से विशेष ट्रेन से रवाना हुआ। जिले के कलाकारों, साहित्यकारों तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत विशिष्टजनों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रवाना किया।

इस अवसर पर सभी यात्रियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। यात्रा के दौरान सोमनाथ में कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिर दर्शन एवं विशिष्टजनों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। नोडल अधिकारी रेखराज शर्मा ने बताया कि यात्रा से जिले के 20 विशिष्टजनों को सोमनाथ दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इस यात्रा में राज्यभर से लगभग 1000 लोग शामिल होंगे। वापसी 26 जून को होगी। इस अवसर पर कलेक्टर परिसर में स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने सभी यात्रियों से मुलाकात की।

# अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के लिए 3 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से 22 जून से 3 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को दिया जाएगा, जिनका श्रमिक पंजीयन कम से कम एक वर्ष पूर्ण कर चुका हो तथा जिनके बच्चे इस सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। प्राप्त आवेदनों में पात्र विद्यार्थियों का चयन निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण प्रदान किया जाएगा, जिससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त हो सकें। आवेदन श्रम विभाग के श्रमेव जयते ऐप एवं पोर्टल **https://shramevjayate.nic.in** या निकटतम श्रम संसाधन केंद्र, चॉइस सेंटर अथवा कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला महासमुंद के माध्यम से किए जा सकते हैं। योजना के लिए आवेदन करते समय श्रमिक पंजीयन कार्ड, छात्र-छात्रा का मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कक्षा 5वीं की उत्तीर्ण अंकसूची तथा वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**व्यवस्था:** 16 हजार मीट्रिक टन से अधिक खाद का वितरण

# जिले में अब तक 36 हजार 264 मीट्रिक टन खाद का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में खाद भंडारण और वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। कृषि विभाग द्वारा जिले की सभी सहकारी समितियों एवं विक्रय केंद्रों में किसानों की आवश्यकता के अनुसार निरंतर खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि, किसानों को समय पर खेती कार्य के लिए आवश्यक उर्वरक मिल सके। किसान अब खरीफ फसल की तैयारी में जुट चुके है तथा सहकारी समितियों से खाद का उठाव कर रहें हैं।



उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि सहकारी समिति में अब तक 36 हजार 264 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है, जो कि लक्ष्य का 54.08 प्रतिशत है। जिसमें यूरिया 17 हजार 717 टन, सुपर फास्फेट 7 हजार 327 टन, पोटाश 2 हजार 709 टन, डीएपी 4 हजार 778 टन एवं 12:32:16 का 3 हजार 733 टन भंडारण किया गया है। वहीं कुल 16 हजार 338 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है, जो भंडारण के विरुद्ध 60.42 प्रतिशत है।

उप संचालक कृषि कश्यप ने बताया विभाग द्वारा सभी विकासखंडों में खाद भंडारण एवं वितरण की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। किसानों को पारंपरिक यूरिया के साथ-साथ नैनो यूरिया के उपयोग के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे केवल अधिकृत सहकारी समितियों एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद खरीदें तथा पॉस मशीन से रसीद अवश्य प्राप्त करें।

साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी व अधिक मूल्य पर उर्वरकों के विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु जिले भर में कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा सतत निगरानी का कार्य किया जा रहा है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे आवश्यकता अनुसार ही खाद का उठाव करें तथा अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करें। डीएपी एवं यूरिया के अत्यधिक उपयोग न करते हुए जैविक खाद, सुपर फास्फेट, पोटाश एवं नैनो यूरिया का संतुलित उपयोग करें, ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो सके।

# प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- गांवों में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन, 30 तक चलेगा कार्यक्रम



देशव्यापी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जिले में कृषि विभाग द्वारा 30 जून तक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सतत कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अमले द्वारा गांव गांव पहुंचकर किसान, मजदूर श्रमिकों को खेत बचाओ अभियान का संदेश तथा समझाईश दी जा रही है।

इसी क्रम में विकासखंड सरायपाली के छिंदपाली एवं दमोदरहा में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को खेती में बढ़ती लागत, मिट्टी की उर्वरता में कमी तथा फसल उत्पादन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को मृदा परीक्षण (मिट्टी जांच) के महत्व, संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग, जैविक खाद एवं हरी खाद के प्रयोग, जल संरक्षण, फसल चक्र अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया।

साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को बताया गया कि नियमित मृदा परीक्षण एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर भूमि की उर्वरता बनाए रखी जा सकती है तथा उत्पादन लागत को कम करते हुए बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के साथ खेती से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा विभागीय अधिकारियों से विभिन्न कृषि योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्राप्त की गई।

### बरबसपुर में फाइव स्टार क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बिरकोनी**। ग्राम बरबसपुर में रविवार को फाइव स्टार क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का



उद्घाटन मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि महेंद्रप्रताप सोनवानी ने भारत माता की पूजा अर्चना कर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनवानी ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। आयोजक समिति ने सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, भूपेंद्र सोनवानी, संजीव चेलक, मनोज कोशले, रोशन दास, परमजीत, दिनेश, सुखेलाल, देवेंद, कामता, सतीश, दीपक, चरणदास, शशि आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 353 अंधेरे में, हुलसी ने मरम्मत के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महासमुंद जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने की कार्रवाई की मांग

जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 353 (एनएच-353) पर व्याप्त अंधेरे की समस्या को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग (वि.यां.), रायपुर संभाग को पत्र लिखकर आवश्यक और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



हुलसी ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 353 के अंतर्गत आने वाले प्रमुख हिस्सों खरोरा से घोड़ारी फ्लाई ओवर ब्रिज तथा सितली नाला से सर्किट हाउस लभराखुर्द मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। अंधेरे के कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं और जनहानि का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य और बेहद व्यस्त यातायात मार्ग है, जहां दिन-रात बड़ी संख्या में वाहनों का परिचालन होता है। ऐसे में सड़क पर प्रकाश व्यवस्था का ठप होना सीधे तौर पर राहगीरों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को खतरे में डालता है। जनपद उपाध्यक्ष की इस सक्रिय पहल से लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर जल्द ही अंधेरा दूर होने की उम्मीद है।



### योग प्राचीन भारत की एक अमूल्य देनः वंदना

**सरायपाली**। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन एडीजे वंदना दीपक देवांगन के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव धृतलहरे भी उपस्थित थे। परिसर में आयोजित योग दिवस पर एडीजे वंदना दीपक देवांगन ने कहा कि विश्व को योग की शिक्षा देने में भारत की यह एक अमूल्य देन है। विश्व के अधिकांश देशों ने योग की महत्ता, आवश्यकता व स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक क्रिया के रूप में इसे मान्यता देते हुए सहर्ष अपनाया है। आज योग को विश्व में विश्व दिवस के रूप में प्रस्थापित करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज सभी की आवश्यकता बन चुकी है। योग हमे आत्मसात करते हुए इसे दिनचर्या के एक हिस्से के रूप में बेहतर व सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए अपनाना। योग प्राचीन भारत के सनातन ऋषि परंपरा का एक अमूल्य उपहार है जिसने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलित व शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाया है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के आरके दास (सचिव), दिलीप भोई, संतोष मिश्रा, स्वर्ण सिंह सलूजा (अध्यक्ष गुरुसिंघ सभा व अधिवक्ता), रिटायर्ड फौजी धर्मेंद्र चौधरी, दुर्गेश शुक्ला, सदानंद साहू, पोर्ते, खगेश्वर कश्यप, योगेश्वर पटेल, बड़गैया, खुर्रम सिंह के साथ ही न्यायालयीन कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योग दिवस मनाया।

# जनसंपर्क अभियान : खल्लारी विस क्षेत्र के प्रबुद्धजनों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान तहत खल्लारी विधानसभा के विभिन्न बुद्धिजीवियों, प्रबुद्धजनों, सेवानिवृत शिक्षकों, सामाजिक प्रमुख, सेवानिवृत्त सैनिकों, महिला लखपति दीदी प्रमुख व्यवसाइयों से मुलाकात कर शाल व श्रीफल सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर अलका चंद्राकर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी एवं स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय ने कहा कि देश-विदेश में मोदी एक सर्वमान्य वैश्विक लीडर के रूप में पहचान बनाकर भारत माता का मस्तक ऊंचा किए हैं। आज निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियंता तहत खलारी विधानसभा के प्रबुद्धजनों एवं महिलाओं से मुलाकात कर क्षेत्र, प्रदेश, देश से जुड़े विभिन्न सम सामायिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। केंद्र राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से चर्चा कर आमजनों की अपेक्षाओं पर विचार विमर्श किया। उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा की आप लोगों के मार्गदर्शन सुझाव विचार ही भाजपा की ताकत है और राष्ट्र निर्माण हेतु उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने लालचंद जैन, सीपी तिवारी, रुपेश तिवारी, प्रेमलता साहू, गोविंद चंद्राकर, ज्ञानचंद जैन, अनुभा सिंह, गिरिजा देवांगन, बसंत दुबे, ज्ञानी करतार, सुरेश मोहंती, किशोर डहरवाल, रामखिलावन पटेल, पूर्व सैनिक शेखर साहू, नारायण निषाद, प्रमोद साहू, संतोष गुप्ता आदि से भेंट मुलाक़ात कर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोकेश पैनोरिया, जसराज बाला चंद्राकर, संजय मालवे, जिला उपाध्यक्ष जानवी साहू, लेखमणि पटेल, किरण यादव, नरेंद्र बग्गा, दीपक पटेल, द्रोण पटेल, खिलेश साहू आदि मौजूद रहे।






### कमारडेरा व रैताल में कराया योगाभ्यास

**खल्लारी**। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सनातन योग वैलनेस फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत भीमखोज अंतर्गत ग्राम कमारडेरा एवं ग्राम रैताल में योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में योग आचार्य आर्य प्रकाश चंद्राकर ने योग अभ्यास कराया एवं नियमित योग करने प्रेरित किया। आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में कमार डेरा के ग्रामीणों के साथ सरपंच व सचिव सहित जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, द्रोण पटेल, पप्पू सवरा, ग्राम रैताल ग्राम प्रमुख सुरेश पटेल, पंच महेंद्र ध्रुव, पूरन संवरा, मीडिया प्रभारी महामंत्री ताराचंद साहू, लुकेश्वर संवरा, सोनऊ कमार, इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शेर स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उमावि शेर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच प्रतिनिधि हरेंद्र साहू, विशेष अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुलाराम साहू तथा विद्यालय प्राचार्य एसबी लाल रहे। अतिथियों ने बच्चों को वर्ष भर लगन से अध्ययन करने प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों का मुंह मीठा करते हुए पुस्तक वितरण किया। कार्यक्रम का संचालक शिक्षक हितेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

### तुपकबोरा के 4 छात्रों को मिली सफलता




**तेंदूकोना।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुपकबोरा संकुल छुईहा विकासखंड बागबाहरा की छात्रा रानी चंद्राकर, नमन कुमार ध्रुव, ईशांत कुमार दीवान और गोपाल साहू ने राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति (एनएमएमएसई) परीक्षा 2025- 26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की है। संस्था के प्रधान पाठक सरिता साहू ने कहा कि आपकी इस उपलब्धि ने न केवल आपके माता-पिता का सर गर्व से ऊंचा किया है।, साथ ही विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। प्राचार्य कार्तिक राम ठाकुर, सरपंच सावित्री ओकेश दीवान, विद्यालय के शिक्षक मोहन लाल साहू, केदार नाथ साहू, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिश दीवान, शाला प्रबंधन समिति सदस्य, संकुल के समस्त शिक्षक और ग्रामवासियों ने इन होनहार बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

### कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप

**लोहंडीगुड़ा।** अलनार में आयोजित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के शिलान्यास कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र से क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज का नाम गायब था। श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का काम कर रही है। एक निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जो सीधे जनता द्वारा चुना गया प्रतिनिधि है, उसे उसके ही क्षेत्र के विकास कार्यों के कार्यक्रम से अलग रखना दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही है और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर कार्यक्रमों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। यह जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है।श्री बैज ने कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि विकास कार्य किसी एक दल की जागीर नहीं, बल्कि जनता के अधिकार हैं। यदि सरकार जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं करेगी तो जनता इसका जवाब आने वाले समय में अवश्य देगी।

### गांजा तस्करी कर रही महिला गिरफ्तार, गई जेल

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पनारापारा चर्च के पीछे मादक पदार्थ गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से 75 हजार रूपए का गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एक माह के भीतर कार्रवाई करते हुए चौथी महिला को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है। क्षेत्र की महिला द्वारा क्षेत्र के युवाओं को गांजा की पुड़िया बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में महिला पुलिस समेत टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था।

## आयोजन : तेंदूकोना में त्रिदिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन

# बच्चों को मिला आध्यात्मिक व नैतिक संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

अग्रसेन धर्मशाला तेंदूकोना में सर्व कबीरपंथी समाज द्वारा त्रिदिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन 19 से 21 जून तक किया गया। जिसमें गुजरात से पधारे संत विवेक साहेब, मधुरेंद्र साहेब एवं संत पवन साहेब दामाखेड़ा के सानिध्य में कबीर साहेब के उद्देश्यों को बच्चों में आत्मसात किया। शिविर का उद्देश्य बालक बालिकाओं को कबीर पंथ के नियम, योग, ध्यान, आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक संस्कार, निर्मल चरित्र निर्माण, देश एवं समाज की सेवा करने वाले बालक बालिकाओं का निर्माण करना था।





शिविर में बच्चों को जीव दया, आत्म पूजा, सदाचार, मानव सेवा, संस्कार का जीवन में महत्व की जानकारी दी गई। जिससे वे अपने जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर सके और समाज में सकारात्मक संदेश फैला सके। शिविर के समापन अवसर पर बोर्ड परीक्षा में प्रवीण्य सूची में आने वाले बच्चों को समिति द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रत्येक बच्चों को एक हजार रुपए चुन्नीलाल साहू बागबाहरा शांतिनगर द्वारा प्रोत्साहन राशि दिया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार का संस्कार शिविर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, नैतिक विकास, आध्यात्मिक उन्नति, संस्कारित चरित्र, मानव सेवा हेतु निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में 150 बच्चों ने पूरे तीन दिवस तक आवासीय शिविर में विभिन्न सत्रों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की।

जिसमें तेंदूकोना, बागबाहरा, पिथौरा, कौहाकुड़ा, बंसुलाडबरी, कोल्दा क्षेत्र सहित पूरे जिले भर के विभिन्न स्थानों से बच्चों का सहभाग हुआ। तीन दिवसीय शिविर आयोजन में पूर्णतः भक्तिमय, ज्ञानमय वातावरण रहा।शिविर का समापन सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव मनाकर भोजन प्रसादी कर संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष रोशन लाल साहू, उपाध्यक्ष महंत मुकेश बैरागी, सचिव डॉ हेमलाल साहू, सहसचिव युवराज साहू, गौतम दास मानिकपुरी, घासीराम साहू, गजेंद्र साहू, नोहर दास साहू, कुमारी साहू, रिंकू बैरागी व अन्य सदस्यों की सहभागिता रही।



### संस्कृति विभाग के राज्य स्तरीय सम्मेलन में अनुसुइया ने की शिरकत

**महासमुंद।** संस्कृति विभाग के अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय रायपुर द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में 18 जून 2026 को लोकसाहित्य के दर्पण में अतीत का प्रतिबिंब विषय पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। 18 एवं 19 जून 2026 को आयोजित इस संगोष्ठी में डॉ अनुसुइया अग्रवाल डी लिट् प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद बतौर वक्ता आमंत्रित रहीं। कार्यक्रम के अंत में संस्कृति विभाग द्वारा उपस्थित अतिथियों का शाल, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान और आभार प्रकट किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य लोक परंपराओं में संरक्षित ऐतिहासिक स्मृतियों का अध्ययन, प्रलेखन तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रसार करना था। इस अवसर पर आयोजन के नोडल अधिकारी डॉ. पीसी पारख, उप संचालक प्रभारी अधिकारी प्रभात कुमार सिंह, पुरातत्त्ववेत्ता सहित विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर आयोजन की व्यवस्था संभाले। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा दुबे और अरुण निर्मलकर ने मिलकर किया।

# नवीन शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर संकुल स्तरीय बैठक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

संकुल केंद्र गड़बेड़ा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुचारू संचालन एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा के लिए संकुल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक संकुल प्राचार्य केके साहू एवं संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा की उपस्थिति में हुई, जिसमें संकुल अंतर्गत विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

बैठक में ऑनलाइन वीएसके उपस्थिति, संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, अपार आईडी जनरेट, दिव्यांग सर्वे, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का कड़ाई से पालन, सीजी स्कूल पोर्टल पर ऑनलाइन अवकाश प्रविष्टि, शिक्षक डायरी का नियमित संधारण, एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा विद्यार्थियों को प्रतिदिन गृहकार्य दिए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक सामूहिक चर्चा की गई।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य केके साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है। सभी शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ करें। शासन की विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, सीखने के स्तर में सुधार तथा विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में प्रधान पाठक दयाराम पटेल, सरस्वती पटेल, हितेश पटेल, नरेंद्र दीवान ,बेदराम सिन्हा तथा शिक्षकों में पूनम प्रजापति, नूतन साहू, विवेक दीक्षित, लक्ष्मी पटेल, ललिता मार्कंडेय, नरेश बरिहा, कृष्ण कुमार ठाकुर, दिलीप कुमार पटेल , तेजूराम यादव एवं हेमंत खुटे उपस्थित रहे। बैठक का समापन आगामी शैक्षणिक गतिविधियों के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ किया गया।

### नपाध्यक्ष ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, दिए तत्काल निराकरण के निर्देश



**महासमुंद।** नगर पालिका अब सिर्फ कार्यालय नहीं अपितु जनसमस्याओं के त्वरित समाधान केंद्र बन गया है। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों, माताओं-बहनों की समस्याओं को सुना और तत्काल त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष साहू ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगरजनों की समस्याओं का समाधान ही उनकी पहली प्राथमिकता है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रक्तदान शिविर में 67 यूनिट रक्त का संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

- टीम ने सभी रक्तदाताओं को 'रक्त गौरव सम्मान' से नवाजा और स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



मारवाड़ी युवा मंच सांकरा द्वारा शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 67 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस सफलता में स्थानीय मारवाड़ी युवा मंच की टीम के अध्यक्ष शुभम सिंघल, सचिव सोनू गोयल, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सहसचिव दिनेश अग्रवाल तथा रक्तदान संयोजक कमलेश अग्रवाल सहित मंच के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों का सराहनीय व समर्पित योगदान रहा। शिविर की सबसे सुखद बात यह रही कि इसमें रक्तदान करने वाले अधिकांश नागरिक ऐसे युवा थे, जिन्होंने जीवन में पहली बार रक्तदान किया।

टीम ने सभी रक्तदाताओं को 'रक्त गौरव सम्मान' से नवाजा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रायपुर से पहुंची 'आशीर्वाद ब्लड सेंटर' की विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने पूरी सावधानी के साथ रक्त संकलन का कार्य संपन्न किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैलाश चंद्र अग्रवाल (संरक्षक अग्रवाल समाज सांकरा एवं मुख्य विधायक प्रतिनिधि बसना विधानसभा), विनोद सिंघल (संरक्षक अग्रवाल समाज सांकरा), देवीदयाल गर्ग (अध्यक्ष अग्रवाल समाज सांकरा), रोहतास गोयल (सचिव अग्रवाल समाज सांकरा), सतपाल सिंह छाबड़ा (सरपंच सांकरा एवं अध्यक्ष सरपंच संघ), उद्धव खमहारी तथा अजय अग्रवाल (जनपद सदस्य) द्वारा महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना कर किया गया।

अतिथियों ने मंच के इस पहले सामूहिक सामाजिक प्रयास की खुलकर सराहना की। प्रथम शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) राजकुमार अग्रवाल एवं मंडल-5 के उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल का विशेष मार्गदर्शन व उपस्थिति रही।

# नांदगांव स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए तथा पुस्तकें एवं गणवेश प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-7 की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जांगड़े ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोमनाथ पटेल तथा प्रधान पाठक शीला चंद्राकर उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी जांगड़े ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जीवन में शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अजय बंजारे एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक शीला चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर शिक्षकगण कमलेश पटेल, विनेश कुमार पांडे, लक्ष्मी साहू एवं पोखनलाल चंद्राकर, नागरिक रजऊ जांगड़े, दीनू पटेल, पप्पू पटेल, छन्नूलाल, रंजना, बिंदु एवं विक्रम धीवर उपस्थित रहे।



### योग केवल व्यायाम नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार : अमन

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि ‡करें योग, रहें निरोग‡ केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का मूल मंत्र है। योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। अमन ने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन परंपरा को अपना रही है, जो देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ, समृद्ध एवं सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन 12000/- |
| बागबाहरा | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

# क्रिकेट प्रतियोगिता में खल्लारी टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)



समीपस्थ ग्राम ख़ुटेरी के न्यू स्टार स्पोर्ट्स क्लब द्वारा अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच खल्लारी व लाखागढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें लाखागढ़ उपविजेता व खल्लारी विजेता रही।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कौतुक पटेल ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ के लिए आवश्यक है। ग्राम ख़ुटेरी खेलों की भूमि है, यहां के कबड्डी खिलाड़ियों ने गांव का नाम रोशन किया है। अब क्रिकेट के खिलाड़ी आगे आ रहे है। यहां दोनों खेलों का भव्य आयोजन होते आया है। विशेष अतिथि सरपंच प्रतिनिधि विश्वनाथ मांझी ने आगामी वर्षों में और बेहतर आयोजन करने की बात कहते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। गैस राम पटेल, मंजू ठाकुर, लिलेश्वरी ध्रुव, एवन सिंह नेताम विशेष अतिथि थे।

विजेता और उपविजेता टीम को नगद राशि और कप प्रदान किया गया। वहीं मैच के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। तेजराम यादव, उमाशंकर सिन्हा ने अंपायर, बोधराम यादव ने कॉमेंट्रेटर, चेतन निषाद ने स्कोरर की भूमिका का निर्वहन किया। आयोजन समिति के बुधराम यादव, तेजराम यादव, उमाशंकर सिन्हा, शिवचरण ध्रुव, रितेश ध्रुव, कुशल त्रिलोक राहुल, गजेंद्र धनु देव ,चेतन प्रशांत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर सिन्हा व आभार प्रदर्शन बोधराम यादव ने किया।